# साहित्य अकादमी का कथा-संधि कार्यक्रम हुआ

**वि.,नई दिल्ली :** साहित्य अकादमी की प्रतिष्ठित कार्यक्रम शृंखला कथा-संधि के अंतर्गत प्रख्यात कथाकार सच्चिदानंद जोशी के कथा पाठ का आयोजन किया गया। उन्होंने अपनी कहानी 'वन योगिनी' का पाठ किया। कहानी एक ऐसी लड़की पर केंद्रित थी, जिसने आदिवासी परिवार से आने के बाद भी प्रतिभा के बल पर डीएम का पद हासिल किया। उन्होंने दूसरी कहानी आल द बेस्ट शीर्षक से पढ़ी, जिसमें अधिकारी परिवार और उनके गार्ड के आपसी व्यवहार को बारीकियों से उजागर किया गया था।